उ0प्र0 विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2024 के 1-बुधवार हेतु डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-13 का उत्तर ।

| प्रश्न संख्या | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 13- | (क)-क्या होमगार्डस मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में वर्तमान में होमगार्डों की कुल संख्या कितनी है ? | प्रदेश में वर्तमान में कुल 75,804 होमगार्ड्स स्वयंसेवक एवं अवैतनिक अधिकारी कार्यरत हैं। |
| | (ख)-उपरोक्त होमगार्डो को नियमित कार्मिक की भांति वेतन भत्ते दिये जाने के संबंध में कब तक कार्य-योजना बनायेंगे ? | होमगार्ड्स स्वयंसेवक का पद पूर्णत: अवैतनिक एवं स्वयंसेवी है। शासनादेश संख्या-59/ 2019/ 1834/ पन्चानबे-19-46रिट/15टी0सी0-III, दिनांक: 23-9-2019 द्वारा दिनांक: 06-12-2016 से होमगार्ड्स स्वयंसेवकों का ड्यूटी भत्ता, पुलिस कार्मिक के न्यूनतम वेतन 18,000/- को 30 दिन के माह के आधार पर प्रतिदिन रू0 600/- एवं इसमें शासन द्वारा समय-समय पर निर्धारित दर पर महंगाई भत्ते को जोड़ते हुए, अनुमन्य किया गया है। महंगाई भत्ते की दर में वृद्धि के साथ इनके दैनिक ड्यूटी भत्ते में भी परिणामस्वरूप स्वत: वृद्धि होती रहती है। |
| | (ग)-क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | जी नहीं। उपरोक्तानुसार सदन की मेज पर रखने का कोई औचित्य नहीं है। |
| | (घ)-यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

धर्मवीर प्रजापति
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)